नोट: वे विशेष सेवा के हकदार नहीं हैं।

सेवा चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार को सेवा के चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षा करानी होगी। अकादमी में केवल उन्हीं उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाएगा जो चिकित्सा बोर्ड द्वारा स्वस्थ घोषित कर दिये जाते हैं। चिकित्सा बोर्ड का कार्यवृत्त गोपनीय होता है, जिसे किसी को नहीं दिखाया जाएगा। किन्तु अयोग्य/ अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित उम्मीदवारों को उनके परिणाम की जानकारी चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा दे दी जाएगी तथा उम्मीदवारों को चिकित्सा बोर्ड से अपील करने का अनुरोध करने की प्रक्रिया भी बता दी जाएगी। अपील चिकित्सा बोर्ड के दौरान अयोग्य घोषित उम्मीदवारों को समीक्षा चिकित्सा बोर्ड के प्रावधान के बारे में सूचित किया जायेगा।

(क) उम्मीदवारों का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक होना चाहिए तथा उन्हें ऐसी बीमारी/अशक्तता से मुक्त होना चाहिए जिससे उनके कुशलतापूर्वक सैन्य कार्य करने में बाधा पड़ सकती हो।

(ख) उनमें कमजोर शारीरिक गठन/दैहिक दोष या वजन की कमी नहीं होनी चाहिए।
उम्मीदवार ज्यादा वजन और मोटा नहीं होना चाहिए।

**(ग)** कद कम से कम 157 सेंमी. (वायु सेना के लिए 162.5 संमी.) का हो। गोरखा और भारत के उत्तर पूर्व के पर्वतीय प्रदेशों, गढ़वाल तथा कुमाऊं के व्यक्तियों का 5 सेंमी. कम कद स्वीकार्य होगा। लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम कद में 2 सेंमी. की कमी भी स्वीकार्य की जा सकती है। कद और वजन मानक नीचे दिए जाते हैं।

**कद और वजन के मानक**
**थल सेना/वायु सेना के लिए**
**सारणी-I**

| **कद सेंटीमीटरों में (बिना जूता)** | **वजन किलोग्राम में 16-17 वर्ष** | **17-18 वर्ष** | **18-19 वर्ष** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| **152** | **42.5** | **44.0** | **45.0** |
| **155** | **43.5** | **45.3** | **47.0** |
| **157** | **45.0** | **47.0** | **48.0** |
| **160** | **46.5** | **48.0** | **49.0** |
| **162** | **48.0** | **50.0** | **51.0** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **165** | **50.0** | **52.0** | **53.0** |
| **167** | **51.0** | **53.0** | **54.0** |
| **170** | **52.5** | **55.0** | **56.0** |
| **173** | **54.5** | **57.0** | **58.0** |
| **175** | **56.0** | **59.0** | **60.0** |
| **178** | **58.0** | **61.0** | **62.0** |
| **180** | **60.0** | **63.0** | **64.5** |
| **183** | **62.5** | **65.0** | **66.5** |

**टिप्पणी 1 :** कद में 2.5 सें.मी. की छूट उसी मामले में लागू होगी जब चिकित्सा बोर्ड ने यह प्रमाणित कर दिया हो कि उम्मीदवार के कद में वृद्धि हो सकती है और संभावना है कि प्रशिक्षण के पूरा होने तक उसका कद बढ़कर निर्धारित मानक के अनुरूप हो जाए।

**कद और वजन के मानक-नौसेना के लिए**

**सारणी-II**

| **कद सेंटीमीटरों में** | **वजन किलोग्राम में** | | |
|---|---|---|---|
| **(बिना जूता)** | **16 वर्ष** | **18 वर्ष** | **20 वर्ष** |
| 152 | 44 | 45 | 46 |
| 155 | 45 | 46 | 47 |
| 157 | 46 | 47 | 49 |
| 160 | 47 | 48 | 50 |
| 162 | 48 | 50 | 52 |
| 165 | 50 | 52 | 53 |
| 168 | 52 | 53 | 55 |
| 170 | 53 | 55 | 57 |
| 173 | 55 | 57 | 59 |
| 175 | 57 | 59 | 61 |
| 178 | 59 | 61 | 62 |
| 180 | 61 | 63 | 64 |
| 183 | 63 | 65 | 67 |

व्यक्ति के संबंध में “तालिका I और तालिका II में दिए औसत वज़न से 10% कम या ज्यादा होने पर उसे सामान्य वजन माना जाएगा।” किन्तु भारी हड्डियों वाले लंबे चोडे व्यक्तियों

तथा पतले पर अन्यथा स्वस्थ व्यक्तियों के मामले में गुणवत्ता के आधर पर इसमें कुछ छूट दी जा सकती है।

**टिप्पणी-1:** वायु सेना में पायलट के रूप में विशेष अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु टांग की लंबाई, जांघ की लंबाई तथा बैठे हुए लंबाई की स्वीकार्य माप निम्न प्रकार होगा:--

| | **न्यूनतम** | **अधिकतम** |
|---|---|---|
| टांग की लंबाई | 99.00 सेंमी. | 120.00 सेंमी. |
| जांघ की लंबाई | -- | 64.00 सेंमी. |
| बैठे हुए लंबाई | 81.50 सेंमी. | 96.00 सेंमी. |

(घ) छाती भली प्रकार विकसित होनी चाहिए, पूर्ण रूप से फुलाया हुआ सीना 81 सेंमी. से कम नहीं होना चाहिए। पूरा सांस लेने के बाद इसका न्यूनतम फुलाव 5 सेंमी. होना चाहिए। माप इस तरह फीता लगाकर की जाएगी कि इसका निचला किनारा सामने चूचक से लगा रहे और फीते का ऊपरी भाग पीछे स्कंध् फलक (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोण (लोअर एंगिल) को छूते रहना चाहिए। छाती का एक्स-रे करना जरूरी है। इसे यह जानने के लिए किया जाएगा कि छाती का कोई रोग तो नहीं है।

(ङ) हड्डियों या जोड़ों में कोई अप विकास या उनकी कार्यप्रणाली में कोई विकृति नहीं होनी चाहिए।

**मेरुदण्ड की स्थितियां**

(च) मेरुदण्ड अथवा त्रिक-श्रेणिफलक-संधि संबंधी रोग या अभिघात का पूर्व चिकित्सीय इतिहास, अभिद्दृश्यक लक्षणों सहित या उनके बिना जो उम्मीदवार को शारीरिक रूप से सक्रिय जीवन सफलतापूर्वक जीने से रोक रहे हों के मामले में भारतीय वायु सेना में कमीशन नहीं दिया जाएगा। मेरुदण्ड अस्थिभंग/अन्तरा कशेरूका चक्रिश्स भ्रंश का इतिहास तथा इन स्थितियों के लिए किए गए शल्य चिकित्सकीय उपचार स्वीकार्य नहीं होंगे। चिकित्सा परीक्षा के दौरान निम्नलिखित स्थितियां पाए जाने पर उम्मीदवार वायु सेना सेवा के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे:--

(i) मेरुदण्ड का कणिकालगुल्मीय रोग

(ii) संधिशोथ संरूप/कशेरूकासन्धिग्रह

- रुमेटाइड सन्धिशोध तथा संबद्ध विकार
- बद्ध कशेरूकासन्धिशोथ
- अस्थिसंधिशोथ, कशेरूकासंधिग्रह तथा अपविकसित संधि रोग

- संधिहीन आभवात (यथा घूर्ण कफ की विक्षति, टेनिस कर्पूर, पुनरावर्ती कटिवेदना आदि)
- एसएलई,पोलीमायोसाइटिस वैस्कुलाइटिस सहित विविध रोग

(iii) कशेरूकाग्रसर्पण/कशेरूकासन्धिग्रह

(iv) कशेरूकाओं का सम्पीड़न अस्थिभंग

(v) शेयूरमैन रोग (कौमर कुब्जता)

(vi) ग्रैव मेरुदण्ड की निर्बन्धित गतियों से संबद्ध होने पर ग्रैव अग्रकुब्जता की क्षति

(vii) एक पाश्र्वीय/द्विपाश्र्वीय ग्रैव पर्शुका सहित प्रभाण्य तंत्रिका वैज्ञानिक या परिसंचरण कमी

(viii) काब पद्धति द्वारा मापे जाने पर 15 डिग्री से अधिक पाश्र्वकुब्जता

(ix) डीजेनरेटिव डिस्क रोग

(x) शीर्षधर पश्चकपाल और शीर्षधर अक्षक विषमताएं

(xi) ग्रैव, अभिपृष्ठ या कटि मेरुदण्ड में किसी भी स्तर पर अर्ध कशेरूका तथा/अथवा अपूर्ण रोध (संयुक्त) तथा ग्रैव, अभिपृष्ठ या कटि मेरुदण्ड में एक से अधिक स्तर पर पूर्ण कशेरूका रोध

(xii) सभी स्तरों पर एकपाश्वींय त्रिकास्थि संयोजन अथवा कटि कशेरूका भवन (पूर्ण या अपूर्ण) तथा द्विपाश्वींय अपूर्ण त्रिकास्थि संयोजन अथवा कटि कशेरूका भवन

(xiii) विशेषज्ञ द्वारा विचार की गई कोई अन्य असामान्यता।

(छ) हल्का काईफोज्सिस या लोडोसिस जहां विरूपता मुश्किल से दिखाई देती है जहां दर्द की या हरकत में रुकावट की शिकायत नहीं है, स्वीकृति में बाधा नहीं बनेगा।

(ज) दिखाई पड़ने वाले स्कोलिऑसिस के या अन्य किसी तरह की असामान्यता या मेरुदण्ड की विरूपता का जो मामूली से अध्कि हो--संदेह होने पर मेरुदण्ड का उपयुक्त एक्स-रे लिया जाना है और परीक्षार्थी को विशेषज्ञ की सलाह हेतु प्रस्तुत करना है।

(झ) नौसेना के उम्मीदवारों के लिए रीढ़ का नियमित एक्स-रे नहीं किया जाता है। फिर भी यदि यह अन्य किसी उद्देश्य के लिए किया जाता है तो निम्नलिखित स्थितियों वाले उम्मीदवारों को स स्त्र सेना में प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा:

1. मेरुदण्ड की ग्रैन्यूलोमेंट्स बीमारी
2. आर्थराइटिस/स्पोन्डिलोसिस - संधिशोथ गठिया तथा संबद्ध विकार और एंकिलोजिंग स्पोंडिलाइटिस।
3. कावपद्धति से यथामापित स्कोलियोसिस जो 15 डिग्री से अध्कि हो। (थल सेना तथा नौसेना के लिए 10 डिग्री)
4. मामूली से ज्यादा काइफोसिस/लोडोंसिस

5. स्पेण्डिलोसथेसिस/स्पेण्डिलिससिस/स्पेण्डियलोलिसिस

6. एरनिएटिड न्यूक्लिअस, पलपोसस

7. कशेरूक का संपीडन विभंग

8. शेवैरमेन की बीमारी

9. प्रदर्शनीय तंत्रकीय या परिसंचारी अभाव के साथ ग्रेव पर्शुका

10. एक से अध्कि स्तर पर श्मोले के नोड की उपस्थिति (इस क्रम सं. को वायु सेना के उम्मीदवारों के प्रयोजन से समाप्त माना जाए।)

11. शीर्षघरानुकपाल (अटलांटो-आक्सीपीटल) तथा अटलांटो अक्षीय असंगतियां

12. एक पक्षीय अथवा द्विपक्षीय अपूर्ण स्कारलाइजेशन'

13. पूर्णतः सेक्रीलाइज होने की स्थिति में एसवी 1 तथा एलवी 5 को छोड कर अन्य स्पाइना बाइफिडा

14. विशेषज्ञ द्वारा मानी गई कोई अन्य अपसामान्यता।

(ञ) उम्मीदवार मानसिक विकृति या दौरे पड़ने का पिछला रोगी नहीं होना चाहिए।

(ट) उम्मीदवार सामान्य रूप से सुन सके। उम्मीदवार को इस योग्य होना चाहिए कि वह शांत कमरे में प्रत्येक कान से 610 सें.मी. की दूरी से जोर की कानाफूसी सुन सके। कर्ण नासिका की पिछली या अब की बीमारी का कोई प्रमाण न हो। वायु सेना के लिए श्रव्यतामितिक परीक्षण किये जाएंगे। 250 एच. जैड, 8000 एच. जैड के बीच की आवर्तियों में श्रव्यतामितिक सुनने की कमी 20 डेसिबल से अध्कि नहीं हो। वाणी में किसी प्रकार की हकलाहट नहीं होनी चाहिए।

(ठ) हृदय या रक्त वाहिकाओं के संबंध् में कोई क्रियात्मक या आंगिक रोग नहीं होना चाहिए। रक्त दाब सामान्य हो।

(ड) जिगर या तिल्ली बढ़ी हुई न हो, उदर के आंतरिक अंग की कोई बीमारी होने पर उम्मीदवार अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(ढ) यदि किसी उम्मीदवार को हर्निया है और उसकी शल्य चिकित्सा न की गई हो तो वह उम्मीदवार अनुपयुक्त होगा, ऐसे मामले में जहां हर्निया की शल्य-क्रिया की गई हो, पाठ्यक्रम आरंभ होने से पहले अंतिम चिकित्सीय परीक्षण के पहले कम से कम एक वर्ष बीत गए हों।

(ण) हाइड्रोसील, वेरिकोसिल या पाइल्स का रोग नहीं होना चाहिए।

(त) मूत्र की परीक्षा की जाएगी और यदि इसमें कोई असमानता मिलती है तो इस पर उम्मीदवार अस्वीकृत हो जाएगा।

(थ) अशक्तता लाने या आकृति बिगाड़ने वाले चर्म का ऐसा रोग होने पर उम्मीदवार अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(द) दूर की दृष्टि (सही की हुई अर्थात् करेक्टेड): बेहतर आंख में 6/6; खराब आंख में 6/9। मायोपिया एस्टिगमेटिज्म सहित -2.5 डी. तथा हायपरमेट्रोपिया, एस्टिगमेटिज्म सहित, +3.5 डी से अधिक नहीं होना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नेत्र संबंधी कोई रोग नहीं है, आंख का आंतरिक परीक्षण, ऑप्थेलमोस्कोप से किया जाएगा। उम्मीदवार के दोनों नेत्रों की दृष्टि अच्छी होनी चाहिए। वर्ण दृष्टि (कलर विजन) का मानक सीपी-III (डिफेक्टिव सेफ) होगा। उम्मीदवार में यह क्षमता होनी चाहिए कि वह 1.5 मीटर की दूरी से मार्टिन्स लैंटर्न द्वारा दर्शाए गए सफेद, लाल सिग्नल और हरे सिग्नल को पहचान सके या इशिहारा बुक/टोक्यो मेडिकल कॉलेज बुक के संबंधित प्लेट को पढ़ सके। जिन उम्मीदवारों ने दृष्टि की तीक्ष्णता में सुधार करने के लिए रेडियल केरेटोटॉमी करवाई हुई है, या जिनके मामले में इसे करवाने का प्रमाण मिलेगा, उन्हें सभी सभी सैन्य सेवाओं के लिए स्थाई रूप से अस्वीकृत करार दिया जाएगा। साथ ही, जिन उम्मीदवारों ने वर्तन दोष (रिफ्रैक्टिव एरर) को ठीक करवाने के लिए लेसिक सर्जरी करवाई हुई है, वे भी रक्षा सेवाओं के लिए स्वीकार्य नहीं होंगे।

**नौसेना उम्मीदवारों की दृष्टि मानक:**

| | |
|---|---|
| बिना चश्मे के असंशोधित | 6/6, 6/9 |
| चश्मे के साथ संशोधित | 6/6, 6/6 |
| निकट दृष्टि की सीमा | -0.75 |
| दूर दृष्टि की सीमा | +1.5 |
| दूरबीन दृष्टि | 111 |
| कलर परसेप्शन की सीमा | 1 |

**वायु सेना के लिए दृष्टि मानक:**

प्रायः ऐनक पहनने वाले उम्मीदवार वायु सेना हेतु पात्र नहीं हैं। न्यूनतम दूरस्थ दृष्टि 6/6 एक आंख में तथा 6/9 दूसरी आंख में, हाइपरमेट्रोपिया के लिए केवल 6/6 तक सही किए जाने योग्य। वर्ण दृष्टि दोष सीपी-(I) हाइपरमेट्रोपिया : + 2.0 डी एस पी एच प्रत्यक्ष निकट दृष्टिता-शून्य

नेत्र अपवर्तनमानपीय निकटदृष्टिता: 0.5 किसी भी अनुमेय याम्योत्तम में

एस्टिग्मेटिज्म: +0.75 डीसीवाई एल

(+ 2.0 के अंदर डी-मैक्स)

**मैड्डोक्स रोड परीक्षण**

| | | |
|---|---|---|
| **(i)** | **6 मीटर पर** | **एक्सोफोरिया - 6 प्रिज्म डी** |
| | | **एसोफोरिया - 6 प्रिज्म डी** |
| | | **हाइपर - 1 प्रिज्म डी** |

**हाइपो - 1 प्रिज्म डी**

**(ii) 33 सेमी. पर** **एक्सोफोरिया - 16 प्रिज्म डी**

**एसोफोरिया - 6 प्रिज्म डी**

**हाइपर - 1 प्रिज्म डी**

**हाइपो - 1 प्रिज्म डी**

हस्त -- त्रिविमदर्शी--सभी बीएसवी ग्रेड्स अभिसरण - 10 सें. मी. तक के लिए दूर तथा निकट के लिए कवर परीक्षण लेटेंट अपसरण/अभिसरण शीघ्र तथा पूर्ण उपलब्धि

(क) "जिन उम्मीदवारों का पीआरके (फोटो रिफ्रैक्टिव केराटोटॉमी/लेसिक (लेजर इन सीटू केराटोमिल्यूसिस) हुआ है, उन्हें वायु सेना की सभी शाखाओं में कमीशन प्रदान करने के प्रयोजन से फिट माना जा सकता है।" आई ओ एल रोप सहित या उसके बिना मोतियाबिन्दु की शल्य चिकित्सा कराने वाले उम्मीदवारों को भी अयोग्य घोषित किया जाएगा। द्विनेत्री दृष्टि--अच्छी द्विनेत्री दृष्टि होनी चाहिए (उत्तम आयाम तथा गहराई सहित संयोजन तथा स्टीरियोप्सिस)

(ख) "पीआरके/लेसिक के बाद उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य होगा कि वे संगत शाखा के दृष्टि संबंधी मानदंडों को पूरा करते हों।" जैसा कि आईएपी 4303 ifj kkf/kr के पैरा 3.12.5.2 में fu/kkfjr fd;k गया है (चौथा संस्करण).

(ग) पीआरके/लेसिक करवा चुके उम्मीदवारों को, वायु सेना चिकित्सा परीक्षण के समय, चयन हेतु निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है:

(i) पीआरके/लेसिक सर्जरी, 20 वर्ष की आयु से पहले न हुई हो।

(ii) आईओएल मास्टर के माप के अनुसार, नेत्र की एक्सियल लंबाई 25.5 मि.मी. से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(iii) बिना किसी जटिलता के स्टेबल पीआरके/लेसिक करवाए कम से कम 12 महीने बीत चुके हों, और इस बीच किसी किस्म की कोई चिकित्सा संबंधी परेशानी (कॉम्प्लिकेशन) न हुई हो।

(iv) पीआरके/लेसिक के बाद, कॉर्नियल पेकाईमीटर की माप के अनुसार, कॉर्निया की मोटाई 450 माइक्रॉन से कम नहीं होनी चाहिए।

(v) पीआरके/लेसिक से पहले, उच्च रिफ्रैक्टिव एरर (>6डी) वाले उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया जाएगा।

(vi) वायु सेना से जुड़े किसी भी कार्य के प्रयोजनार्थ, रिफ्रैक्टिव एरर को दूर करने के लिए रेडियल केराटोटॉमी (आरके) और फोटो रिफ्रैक्टिव केराटोटॉमी (पीआरके) सर्जरी की अनुमति नहीं है। आईओएल इंप्लांट के साथ अथवा इसके बिना केटेरेक्ट सर्जरी करवाने वाले उम्मीदवारों को भी अनफिट घोषित कर दिया जाएगा।

ध) यू.एस.जी. उदर जांच की जाएगी तथा किसी प्रकार की जन्मगत संरचनात्मक असामान्यता या उदर के अंगों का रोग पाए जाने पर सशस्त्र सेना से अस्वीकृत किया जा सकता है।
(न) उम्मीदवार के पर्याप्त संख्या में कुदरती व मजबूत दांत होने चाहिए। कम से कम 14 दांत बिन्दु वाला उम्मीदवार स्वीकार्य है। जब 32 दांत होते हैं तब कुल 22 दांत बिन्दु होते है। उम्मीदवार को तीव्र पायरिया का रोग नहीं होना चाहिए।

(प) वायुसेना के उम्मीदवारों के लिए रूटीन ईसीजी सामान्य सीमा में होने जरूरी है।

(फ) विशेष चिकित्सा बोर्ड के दौरान निम्नलिखित जांच अनिवार्य रूप से की जाती हैं। फिर भी उम्मीदवार की जांच करने वाले चिकित्सा अधिकारी / मेडिकल बोर्ड निम्नलिखित के अनुसार आवश्यक किसी भी अन्य जांच के लिए कह सकते हैं|

(क) पूरा हेमोग्राम
(ख) यूरेन आरई / एमई
(ग) एक्स रे छाती पीए व्यू
(घ) यूएसजी पेट और श्रोणि

(ब) 'शारीरिक उपयुक्तता' प्रतिशत उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नीचे दी गई क्रियाओं के दैनिक पालन के द्वारा वे अपना शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बनाए रखें:

(क) 15 मिनट में 2.5 कि.मी. की तेज दौड़

(ख) उछल-कूद

(ग) दण्ड-बैठक (प्रत्येक कम से कम बीस-बीस बार)

(घ) ठोढ़ी को ऊंचाई तक छूना (कम से कम आठ बार)

(ङ) 3 से 4 मीटर रस्सी पर चढ़ना।

## परिशिष्ट-V

सेवा आदि का संक्षिप्त विवरण

1. अकादमी में भर्ती होने से पूर्व माता-पिता या संरक्षक को निम्नलिखित प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे।

| वेतन स्तर | अधिक परिवहन भत्ते वाले शहर (रु. प्रतिमाह) | अन्य स्थान (रु. प्रतिमाह) |
|---|---|---|
| स्तर 9 तथा उससे ऊपर | 7200 रु. + महंगाई भत्ता | 3600 रु. + महंगाई भत्ता |

<u>नोट</u> :-

(i) **<u>अधिक परिवहन भत्ते वाले शहर(यूए)</u>** : हैदराबाद, पटना, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, बेंगलूरू, कोच्चि, कोझीकोड, इंदौर, बृहन मुंबई, नागपुर, पुणे, जयपुर, चेन्नै, कोयंबतूर, गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ, कोलकाता।

(ii) यह भत्ता उन सैन्य कार्मिकों के मामले में देय नहीं होगा, जिन्हें सरकारी वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

वेतन स्तर 14 तथा इसके ऊपर के वे अधिकारी जो सरकारी कार का इस्तेमाल करने के पात्र हैं, उनके लिए यह विकल्प उपलब्ध होगा कि या तो वे सरकारी कार का उपयोग करें या 15,750/- रु. + उस पर महंगाई भत्ते की दर पर परिवहन भत्ता आहरित करें।

(iii) यह भत्ता उस कैलेंडर माह अथवा माहों के लिए लागू नहीं होगा जो पूर्णत: अवकाश की अवधि में कवर होते हों।

(iv) शारीरिक रूप से विकलांग सैन्य कार्मिकों को, न्यूनतम 2250 रु. + महंगाई भत्ते की शर्त के अध्यधीन, दुगुने दर पर भुगतान किया जाएगा।

(झ) **<u>संतान शिक्षा भत्ता</u>** - केवल पहले दो जीवित बच्चों के लिए 2250/- रु. प्रतिमाह । संतान शिक्षा भत्ता नर्सरी से कक्षा 12 तक के लिए लागू है ।

(i) प्रतिपूर्ति वर्ष में केवल एक बार, वित्तीय वर्ष के अंत में की जाएगी। (अधिकतर स्कूलों के अकादमिक वर्ष वित्तीय वर्ष के साथ ही समाप्त होते हैं।)

(ii) जिस संस्थान में सरकारी कार्मिक की संतान शिक्षा ग्रहण कर रही हो, उस संस्थान के प्रमुख का प्रमाण-पत्र ही इस प्रयोजन से पर्याप्त होगा। इस प्रमाण-पत्र में इस बात की संपुष्टि होनी चाहिए कि बच्चे ने संबंधित स्कूल में पिछले अकादमिक वर्ष के दौरान शिक्षा ग्रहण की।

विशेषतया रक्षा बलों के मामले में लागू भत्तों के संबंध में, संशोधित वेतन बैंड पर देय महंगाई भत्ते में 50% की वृद्धि होते ही इन भत्तों की दरों में 25% की स्वत: वृद्धि कर दी जाएगी। (भारत सरकार पत्र सं. 1/(16)/2017/डी(वेतन/सेवाएं) दिनांक 18 सितंबर 2017)।

(ञ) सैन्य प्रशिक्षण के कारण उत्पन्न हुई अथवा बदतर हुई स्थिति के चलते चिकित्सा आधार पर अक्षम होने अथवा कैडेट (सीधी भर्ती) की मृत्यु हो जाने पर कैडेट (सीधी भर्ती)/निकटतम संबंधियों को निम्नानुसार हितलाभ राशि प्रदान की जाएगी :

